## गागर में सागर

### खेलकूद प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागी हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** वनवासी कल्याण केंद्र पलामू ईकाई ने सतबरवा के मुरमा मैदान में तीरंदाजी व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 40 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रांत खेलकूद प्रमुख डोमनचंद महतो ने कहा कि आगामी 2024 में प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता होना है। इसके लिए नियमित रूप से गांवों में जाकर खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को भंडरिया के जनेवा मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तीरंदाजी प्रतियोगिता में रेणु कुमारी प्रथम, रूबी द्वितीय, राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी की चार टीमों में मुरमा और हलुमाड़ की टीम विजेता बनी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री सुमन उरांव, श्रद्धा जागरण प्रमुख रामजी उरांव, जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह उपस्थित थे।

### आरएसएस ने शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया

**हरिहरगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार की रात्रि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर विभाग सह कार्यवाहक शशि कुमार व संजय पासवान ने कहा कि हमारी संस्कृति में मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात आकाश से अमृत की वर्षा होती है। सभी स्वयं सेवक संघ स्थान पर शारीरिक व्यायाम, योगासन इत्यादि करने के उपरांत खीर का पान किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ,राजेश सिंह, राजीव रंजन ,विजय प्रजापति, प्रियमुखर्जी, शशि कुमार, रॉबर्ट गुप्ता, बीनू जायसवाल, साकेत कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, रवि कुमार गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद ,सत्यनारायण की अहम भूमिका रही।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने विधायक पर साधा निशाना

**पाटन।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने पांकी विधायक पर निशाना साधते हुए गत दिवस उनके द्वारा दिये गये बयानों की तीखी निंदा की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में हार के ड़र से भाजपा के विधायकों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पलामू में आना और योजनाओं का सौगात देना जिले के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव कमलेश पांडे, बीस सूत्री के सदस्य इफ्तेखार अंसारी, नन्हू यादव, गौतम कुमार, शंकर कुमार,अमरनाथ सिंह उपस्थित रहे।

### पवित्र मिट्टी भरे कलश के साथ नई दिल्ली रवाना

**विश्रामपुर।** भाजपा द्वारा चलाए गए राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव-गांव से शहीद और राष्ट्र भक्तों के घर से संग्रहित पवित्र मिट्टी को लेकर विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नौ मंडलों से दो प्रतिनिधि विशेष ट्रेन से नई दिल्ली रवाना हुए। जहां सभी प्रखंडों से आए पवित्र मिट्टी भरे कलश को अमृत महोत्सव पर बने अमृत वाटिका में स्थापित किया जाएगा। गढ़वा रोड स्टेशन पर पार्टी प्रतिनिधियों को विदा करने प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी, प्रदेश नेता जवाहर पासवान के अलावा गढ़वा जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी,पलामू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,इदरीश हवारी,संतोष दुबे,विकास स्वदेशी,रिंकू तिवारी,ठाकुर प्रसाद महतो,विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डा. अमरेश तिवारी,महामंत्री आशीष पांडेय,नगर महामंत्री मनीष गुप्ता,प्रमोद दीक्षित,आलोक सिंह,मुकुल सिंह,उपेंद्र तिवारी,रामानंद तिवारी मौजूद थे।

### पाटन-छतरपुर विधायक ने किया शिलान्यास

# अंचल कर्मियों के लिए 5 करोड़ 85 लाख की लागत से बनेगा आवास



**पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रखण्ड परिसर में आवास बन जाने से आम जनता को काफी सुविधा होगी : विधायक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत प्रखंड परिसर में अंचल कर्मियों के लिए 5 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से आवासों का निर्माण कराया जाएगा। पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। निर्माण कार्यों की प्राक्कलन राशि 50 लाख रूपये है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा की पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रखण्ड परिसर में आवास बन जाने से आम जनता को काफी सुविधा एवं लाभ होगा। किसी को खोजने के लिये इधर उधर भटकना नही पड़ेगा। उन्होंने बीडीओ दीपक मिश्रा को जन समस्याओं के निराकरण में तत्परता बरतने का निर्देश दिया। बीडीओ ने समस्त लंबित मानदेयों का एक सप्ताह में भुगतान कराने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य की हेमन्त सरकार की मंशा है की बीजेपी विधायकों के क्षेत्रों में विकास का कार्य न हो। काफी संघर्ष के बाद विकास का काम क्षेत्र में लाया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पूर्व जिला परिषद मुक्तेश्वर पांडेय, विनय सिंह, नालेज सिंह, गुडू सिंह, जैनेंद्र यादव, नीलिमा झा, सुजाता सिंह,अरुण दुबे उपस्थित थे।

# 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन की मासिक बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखण्ड सभागार में 20 सुत्री अध्यक्ष रामानन्द पांडेय की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियावन्यन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकांश विभाग के पदाधिकारी खुद की जगह संविदा पर नियुक्त कार्यालय कर्मी को भेजे। जिंसके कारण पूर्व बैठक में लाये गये प्रस्तावों की समीक्षा नहीं हो पाई। बीडीओ दीपक मिश्रा ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। बैठक में अगस्त माह के सरकारी राशन का वितरण नहीं करने व दो माह से अगूंठा लगवाकर एक माह के राशन वितरण का मामला जोरशोर से उठाया गया। एजीएम सुनील कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह का राशन सभी पीडीएस दुकानों में भेजा जा चुका है। इस दौरान आगनबाड़ी केंद्र बन्द रहने, फर्जी आंकड़ा भेजकर पोषण आहार की कालाबजारी करने, साबित्री बाई फुले किशोरी के फॉर्म भरने में नजायज वसूली, आयुष्मान कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओ को उठाया गया। बैठक में उपाध्यक्ष उमा सिंह, आगनबाड़ी पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारी, जीपीएस कामेश्वर महतो, पीएम आवास समन्वयक शिवम जायसवाल उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों पर लगाया उदासीनता बरतने का आरोप

# कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता से बिफरे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप में कल्याण विभाग द्वारा निर्माण कराई जा रही कब्रिस्तान चाहरदीवारी में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने व्यापक रोष जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि शुरूआत से ही निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। प्लिंथ एंव कालम के लिए मानक के अनुरूप सरिया का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में तीन नंबर ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीण इरशाद अंसारी ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत अंचलाधिकारी पांडू, कल्याण विभाग पलामू एंव उपायुक्त पलामू से की गई है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कार्य को बंद करा दिया था। परंतु कुछ दिन कार्य बंद रहने के बाद बिना सुधार किए ही पुनः कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के अध्यक्ष एवं सचिव का कहना है कि प्रखंड से लेकर जिला तक जहां शिकायत करनी हो करें। कोई कार्रवाई नहीं होगी। जिला कल्याण विभाग के पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। योजना के सचिव नसरुद्दीन अंसारी ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशानुसार ही कार्य कराया जा रहा है।

### विधायक ने कंदाखाड़ में पुलिया निर्माण का किया शिलान्यास

**पांकी।** प्रखंड स्थित माड़न पंचायत के ग्राम कंदाखाड़ एवं हुसैनी गुरहा के बीच पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार की दोपहर पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशि भूषण मेहता द्वारा पूजा -अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाडे के साथ माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। विधायक ने गांव के बुजुर्ग कनी महतो के हाथों शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि कंदाखाड़ के लोग विगत कई दशकों से पुलिया की आस लगाए बैठे थे। पुलिया नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात में यह गांव टापू बन जाता था। पुलिया निर्माण के बाद ग्रामीणों की समस्या दूर हो जाएगी। इस दौरान प्रो. बच्चन ठाकुर, निर्मल मेहता, प्रकाश मेहता, लाला यादव, कमलेश यादव, पंकज यादव, कामेश्वर महतो, मुनी महतो, रामदेव महतो, महेश महतो , छेबर महतो, बच्चू महतो , प्यारी देवी, रीता देवी, रीना देवी उपस्थित थीं।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों ने कलाकृति से दिया एकता व अखंडता का संदेश

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता रैली एवं विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृति से देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देश की एकता और अखंडता के प्रति जज्बा पैदा होता है। श्री पुष्कर ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में बताते हुए भारत सरकार द्वारा उनके संस्मरण में किया जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। विद्यालय में प्री-प्रोग्राम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली, पेंटिंग्स एवं क्विज का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल एवं खो-खो में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दर्शाई। आज पुरस्कृत होंगे विजेता विद्यार्थी देश के एकीकरण के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर 31 अक्टूबर को लेस्लीगंज प्लस टू हाई स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहले एकता रैली निकाली जाएगी इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह, शिक्षक विजय प्रकाश, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीडी सेक्सन पर सुरक्षा को लेकर जपला आरपीएफ मुस्तैद : निरीक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन रेल खंड के जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन ने कहा है कि पिछले दिनों ट्रेन में हुई डकैती व यात्रियों के साथ मारपीट की घटना के बाद सिगसीगी व जपला के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरपीएफ तत्पर है। उन्होंने बताया कि ऊपर से मिले निर्देश के बाद यहां चौकसी बढ़ा दी गई है। इस रूट पर चलने वाली विभिन्न ट्रेनों के समय जपला सुरक्षा बल के जवान तैनात रहते हुए चेंकिग करते हैं। अपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रहती है। वैसे ट्रेन में सुरक्षा की जिम्मेवारी जीआरपी की होती हैं। उनका क्षेत्र सिगसीगी स्टेशन से जपला आउटर सिंगल तक ही है। उधर गढ़वा रोड और नबीनगर जीआरपी व आरपीएफ को जिम्मेदारी दी गई है। अपराधों की रोकथाम एवं अपराध नियंत्रण हेतु जीआरपी व आरपीएफ समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहे हैं।

## उपायुक्त का कार्यालय
## (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय पत्रांक 1339 दिनांक 14.10.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पोशाक (Winter Uniform: Hoodie) उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवंटन से लातेहार जिला अन्तर्गत 07 (सात) बाल विकास परियोजनाओं में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहर बन्द लिफाफे में पी0आर0 संख्या 309190 द्वारा निविदा आमंत्रित किए गए है। प्रकाशित निविदा में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है :–

1. संबंधित प्रकाशित निविदा शर्तो के क्रम संख्या 17 में अंकित – कंपनी/ फर्म का Wool Mark Certificate की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा को विलोपित किया जाता है।

कार्यालय पत्रांक 1339 दिनांक 14.10.2023 के द्वारा निविदा में प्रकाशित शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

PR 310151 Social Welfare, Women and Child Development (23-24)_D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार

## e-Procurement Cell
## URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
## NAGAR PARISHAD CHATRA JHARKHAND

**e-procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/06/2023-24** **Dated-30.10.2023**

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No.-01) | Construction of B.T. Road and Drain from Purana Court More to Bharat Electronics via Office Nagar Parishad Chatra in Ward No.-01 and 13 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 75,09,500/- | 1,50,500/- | 10,000/- | 06 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of Black Top Road and RCC Drain from Bajrangbali (Naresh Agarwal House) to Dibha School and Lakhan Ghadisaj House to Bajrangbali Mandir Dhangartoli Via Aditya Paswan House in Ward No. -03,04 and 05 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 99,19,824/- | 1,98,500/- | 10,000/- | 06 Months |
| 03 | Name of Work (Group No.-03) | Construction of PCC Road/Paver block and RCC Drain from T.O.P No.-01 via Mukesh Ji house via Dipak Saw house to Om Gupta house to Vipin house and Dr. Vijay Agarwal to Anu Tambi Via Ward Parshad house in ward No. -17 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 66,12,100/- | 1,32,500/- | 10,000/- | 06 Months |
| 04 | Name of Work (Group No.-04) | Construction of BT Road and Drain from Jivlal yadav House to Parshuram Sharma House (Kishunpur) in Ward No.-22 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 35,30,000/- | 71,000/- | 10,000/- | 04 Months |
| 05 | Name of Work (Group No.-05) | Construction of BT Road and Drain from Pannalal Boundary to Nagar Parishad Simana (Kishunpur) in Ward No.-22 under Nagar Parishad, Chatra | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 40,20,000/- | 80,500/- | 10,000/- | 04 Months |
| 06 | Name of Work (Group No.-06) | Construction of Drain from Mahua Chowk to Suresh Soni House and Mister Minya to Javed house via Fajlu Badi in ward No.-20 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 55,20,000/- | 1,10,500/- | 10,000/- | 06 Months |
| 07 | Name of Work (Group No.-07) | Construction of RCC Drain from Anand Motor to S.P. Awas boundary in Ward No.-08 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 24,70,800/- | 49,500/- | 5,000/- | 03 Months |
| 08 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in | 10.11.2023 at 10:00 AM | | | |
| 09 | Bid Submission Start Date & Time | 11.11.2023 at 10:00 AM | | | |
| 10 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 21.11.2023 upto 5:00 PM | | | |
| 11 | Date & Address for Opening of Bid. | 22.11.2023 upto 11:00 AM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra | | | |
| 12 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | |
| 13 | Contact No. of Procurement Office | +91- 8210514088, 6204173793, 9304218385 | | | |
| 14 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

**Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in**
**Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in**
**Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.**

**Administrator,**
**Nagar Parishad Chatra.**

**PR 310155 Urban Development(23-24).D**

## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्षों के लिए **दिनांक 17/11/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

**संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति वर्ष 2023–24 में अबन्दोबस्त जलकरों को सुरक्षित जमा निर्धारित राशि पर बन्दोबस्ती दिनांक 16/11/2023 तक अपनी अहर्त्ता को पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती ले सकती है।**

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 23/11/2023 या इसकी अंतिम तिथि 29/11/2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल – मेदिनीनगर | | | |
| 1 | पुरनी पोखर | 59 | 294 | 1.58 | 1.20 | 5000.00 |
| 2 | नावा पोखर | 59 | 452 | 4.10 | 1.50 | 8000.00 |
| 3 | झरीवा आहर | 190 | 732 | 3.60 | 1.50 | 8000.00 |
| 4 | कोयल नदी घाट | - | - | - | - | 2000.00 |
| 5 | मैला नदी घाट | - | - | -* | - | 2500.00 |
| 6 | कुण्डेलवा आहर | 103 | 325, 326 | 0.94 | 0.70 | 4500.00 |
| 7 | पीढिया चेक डैम | 29 | 03 | 1.00 | 0.70 | 4500.00 |
| 8 | रजवाडीह तालाब | - | - | 1.50 | 1.10 | 10000.00 |
| 9 | के0एन0पीट नं0–02 | - | - | 1.00 | 0.70 | 2200.00 |
| 10 | डूबा टैंक | 42 | 168 | 2.16 | 2.00 | 12000.00 |
| 11 | बड़का आहर | 83 | 1763 | 5.70 | 4.20 | 20000.00 |
| 12 | नौका आहर | 227, 228 | 231, 247 | 9.75 | 8.60 | 25000.00 |
| | | | अंचल – पाटन | | | |
| 13 | नगेसर डूब तालाब | 62 | 336 | 3.16 | 3.00 | 20000.00 |
| 14 | बरसैता तासलाब | 78 | 574 | 2.44 | 2.22 | 12000.00 |
| 15 | नावाखास तालाब | 186 | 1021 | 18.00 | 3.40 | 20000.00 |
| 16 | बड़ा पोखर | 01 | 79 | 2.50 | 2.00 | 25000.00 |
| 17 | सिक्कीमछली घाट | - | - | - | - | 6500.00 |
| | | | अंचल – पाँकी | | | |
| 18 | कामत तालाब | 158 | 1383 | 2.32 | 2.27 | 35500.00 |
| 19 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 20 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 21 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 22 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 23 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 24 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 25 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 26 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | |
| 27 | उली पहाड़ी तालाब | 45 | 359, 360 | 2.42 | 2.00 | 12000.00 |
| 28 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 29 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 30 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 31 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| | | | अंचल – पाण्डू | | | |
| 32 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| | | | अंचल – मनातू | | | |
| 33 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |
| | | | अंचल – छत्तरपुर | | | |
| 34 | करमाकला तालाब | 32 | 184 | 0.70 | 0.50 | 12000.00 |
| 35 | कंचनपुर आहर | 01 | 229 | 1.50 | 1.10 | 6500.00 |
| | | | अंचल – लेस्लीगंज | | | |
| 36 | अम्बा मछली घाट | 01 | 75 | 2.40 | 1.60 | 3000.00 |
| | | | अंचल – हुसैनाबाद | | | |
| 37 | गोदामी पोखर | 344 | 724 | 6.00 | 3.80 | 25000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 310193 (Fish) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### शौच के लिए घर से बाहर निकली महिला के साथ दुष्कर्म



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में एक 27 वर्षीय महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम महिला शौच करने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी क्रम में वहां आए चार युवकों में से दो ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सोमवार को एमएमसीएच में महिला की मेडिकल जांच करायी गयी। साथ ही न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया है। चैनपुर पुलिस इस संबंध में कांड संख्या 279/23 दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।घटना के समय महिला का पति घर पर नहीं था। बाहर रहकर मजदूरी करने के कारण दूसरे प्रदेश में गया हुआ है। महिला के अनुसार घटना रात करीब 1 बजे की है। इधर, जानकारी मिली है कि पूर्व परिचित युवक के साथ महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला शौच के बहाने युवक से मिलने गई थी। इसी क्रम में तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए। चारों में एक प्रेमी और एक अन्य युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह भी चर्चा है कि महिला के साथ उसके प्रेमी ने शादी के लिए एक सप्ताह पहले मारपीट की थी । प्रेमी का कहना था कि उसका पति दोनों के रिश्ते के बारे में जानता है। ऐसे में वह उसे छोड़कर उससे शादी कर ले। महिला द्वारा इनकार करने पर प्रेमी ने मारपीट की थी। यहां यह भी बता दें कि महिला का प्रेमी उसका पति का साथी बताया गया है।मामले में चैनपुर पुलिस का कहना है कि चार युवकों पर महिला से दुष्कर्म से संबंधित प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी बंदूआ क्षेत्र के हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### दांतों से बस खींच चुके सुमित गोवा में करेंगे लगोरी को प्रमोट



**मेदिनीनगर।** दांतों से बस खींच चुके पलामू लगोरी एसोसिएशन के सचिव सुमित वर्मन 37 नेशनल गेम में लगोरी को प्रमोट करेंगे। पलामू से पहली बार कोई खिलाड़ी नेशनल गेम्स में भाग लेने गोवा जा रहा है। इंडियन ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 37वां नेशनल गेम्स गोवा में आयोजित किया जा रहा है। गेम्य का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। नेशनल गेम में पहली बार लगोरी ट्रायल में उतारा गया है। इस गेम को प्रतियोगिता में प्रमोट करने पलामू लगोरी एसोसिएशन के सचिव नेशनल गेम में भाग लेंगे। जिसका आयोजन 5 नवंबर को होगा। इसके लिए सुमित पलामू से 31 अक्टूबर को रवाना होंगे। सुमित वर्मन ने बताया कि उनकी खेल यात्रा की शुरूआत मार्शल आर्ट्स से हुई है। 16 साल पहले मां के कहने पर एक शिक्षक से उन्होंने मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण लेना शुरू किया था। जिसके बाद उनकी रुचि बढ़ती गइ।. मेडल और सर्टिफिकेट जीतने के बाद उनका उत्साह बढता गया और वे तरह-तरह के इवेंट में भाग लेने लगे। वे स्टेट और नेशनल लेवल पर 30 से भी अधिक मेडल जीत चुके हैं। वर्ष 2016 में नेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला था। अपने दांतों से 13 टन की बस खींचने का रिकार्ड उन्होंने बनाया है। इसमें उन्होंने वर्ल्ड रिकार्ड के लिए भी आवेदन किये हैं। साथ ही 20 एमएम के सरिया को एक मिनट में 22 बार फोल्ड करने का रिकार्ड भी उन्होंने स्थापित किया है। जिसका सर्टिफिकेट आते ही नए वर्ल्ड रिकार्ड पर भी काम करेंगे।

### आज से होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

**विश्रामपुर।** पांडु प्रखंड अंतर्गत रतनाग में आयोजित वीर भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट में मंगलवार से क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। कमेटी के सदस्यों ने बताया की सोमवार को खेले गये लीग मैच में कौड़ीया व जमुने की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मौके पर सिलदिली मुखिया बालमुकुंद पासवान, शिव पासवान,सफी आलम,कृष्ण ठाकुर,शाह आलम,नेसार आलम, बाल मुकुंद पाल मौजूद थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने नये सीओ का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड के नये अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को अंगवस्त्र तथा मिठाई खिलाकर सोमवार को स्वागत किया गया। सतबरवा की जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने सीओ को शाल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सीओ कृष्ण मुरारी ने जनप्रति निधियों को आश्वस्त किया कि हर समय जरुरतमंदों के कार्य के लिए उपलब्ध रहेंगे। नियम संगत जनता का काम हमेशा होगा। दूरदराज के क्षेत्र से आने वाले जरुरतमंदों का काम हर हाल में होगा। जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि यहा जरुरतमंदों का काम नहीं हो पा रहा है। गरीब काम नहीं होने के कारण ब्लॉक का चक्कर लगाने को विवश रहते हैं। उन्होंने कहा कि जाति, स्थानीय और आय प्रमाण पत्र बनाने में छात्रों समेत अन्य लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मुखिया रिंकी यादव ने बताया कि जमीन मोटेशन के नाम पर लोगों को दौड़ाया जाता है। खासकर प्रधानमंत्री किसान योजना का पैसा अभी भी सैकड़ों किसानों के खाते में नहीं आ रहा है। मौके पर भाजपा नेता आशीष सिन्हा, जिला पार्षद पति अजय उरांव, सिकंदर भुइयां, मंटू विश्वकर्मा, महेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

#### कलश यात्रा सह शोभायात्रा की बनेगी रूपरेखा

## महायज्ञ के निमित्त आज होगी महिला विंग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित हाउसिंग कालोनी में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन 21 नवंबर को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में नागरिकों को धर्मरत्न देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। यज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने बताया कि कलश शोभा यात्रा में लाखों की संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं शिरकत करेंगी। कलश यात्रा की तैयारी के उद्देश्य से मंगलवार दोपहन तीन बजे से यज्ञ स्थल पर महिला विंग की बैठक आयोजित की गई है। इसमें 400 महिलाएं भाग लेंगी। इस दौरान कलश शोभा यात्रा के लिए महिलाओं को निमंत्रित करने की रूपरेखा तय की जाएगी। महिला विंग की प्रभारी मीना गुप्ता के साथ राष्ट्रीय परशुराम युवा सेना युवा वाहिनी महिला विंग की जिला अध्यक्ष श्वेता तिवारी, अंजू सांगा, माया मिश्रा, रानी शर्मा आदि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग करेंगी ।



#### जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 60 कार्यकर्ताओं ने किया प्रस्थान

## अमृत कलश के साथ भाजपाजन दिल्ली रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में निर्मित हो रही अमृत वाटिका के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत झारखंड के कोने-कोने से संग्रहित पवित्र मिट्टी से भरे अमृत कलश के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी के लिए प्रस्थान किया। पलामू जिले से जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक के नेतृत्व में जिले के 30 मंडलों से 60 कार्यकर्ता अमृत कलश लेकर स्पेशल ट्रेन से दिल्ली के लिए प्रस्थान किये। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उन सभी का स्वागत एवं अभिनंदन कर उन्हें विदा किया गया। इस दौरान पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, नारायण पांडे, अविनाश वमा, नरेंद्र पांडे, अजय तिवारी, अमित तिवारी, उदय शुक्ला, प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। श्रीमती रीना किशोर श्रीमती मीना गुप्ता जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा जिला सोशल




#### प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण के लिए

# पलामू तैयार, आज युवाओं को रोजगार बाटेंगे सरकार

**सीएम के दौरे को ले सुरक्षा के कड़े प्रबंध, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस**

**सरकार के कई मंत्री रहेंगे मौजूद, पलामू के सांसद व विधायकों को भी आमंत्रण**

**डीसी -एसपी तैयारियों की लगातार कर रहे मानीटरिंग**

**नवीन मेल संवाददात**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। 31अक्टूबर को सीएम श्री सोरेन स्थानीय पुलिस स्टेडियम में प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण समारोह में शिरकत करेंगे। इस दौरान करीब पांच हजार युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पलामू प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। जिले के डीसी शशि रंजन एवं एसपी रिष्मा रमेशन तैयारियों की लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार की सुबह 11:20 बजे दुमका हवाई अड्डा से पलामू के लिए उड़ान भरेंगे और दिन के 12:50 बजे चियांकी हवाई अड्डा पर उतरेंगे। यहां से सड़क मार्ग से दोपहर 1:10 बजे सीएम पुलिस स्टेडियम पहुंचेंगे और करीब दो घंटे तक कार्यक्रम में रहने के बाद वापस रांची लौट जायेंगे। इस दौरान झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता और बादल पत्रलेख भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावे श्रम नियोजन विभाग ने इस कार्यक्रम में पलामू के सांसद व सभी विधायकों को भी आमंत्रित किया है। समारोह में सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं और आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार दिया जाएगा। वहीं सीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। सुरक्षा में चार डीएसपी, एक दर्जन इंस्पेक्टर और 100 से अधिक सब इंस्पेक्टरों के साथ 3000 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है।

तैयारी के बाबत पलामू डीसी शशिरंजन ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोग भाग लेंगे। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। वहीं एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कई स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है।





#### आमंत्रण पत्र में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का नाम नहीं देख भड़के

## जिप सदस्यों ने किया सीएम के कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान



**नवीन मेल संवाददाता**

मेडिनीनगर। स्थानीय पुलिस लाइन में मंगलवार को आयोजित होने वाले प्रमण्डलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद की कथित उपेक्षा से परिषद के सदस्यों में नाराजगी व्याप्त है। सोमवार को जिला परिषद के कार्यालय में मौजूद दर्जन भर सदस्यों ने जिला परिषद की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया। सदस्यों ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बाटे गये आमंत्रण पत्र में जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को स्थान नहीं दिया गया है। यह सीधे रूप से पंचायती राज व्यवस्था का अपमान है। जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य भी निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। सदस्यों ने कहा कि परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को कार्यक्रम में तरजीह नहीं दिया जाना परिषद का अपमान है। कहा गया कि जिप सदस्य कल के सीएम के कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे और सीएम को ज्ञापन सौपकर मामले पर संज्ञान लेने का अनुरोध करेंगे। मौके पर जिप अध्यक्ष के अलावे प्रमोद सिंह, संग्राम सिंह, खुशबू कुमारी, विजय कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

### धीरज मिश्रा बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक रामदयाल मुंडा क्रीड़ा स्टेडियम रांची में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने एवं संचालन लाल सुमन ने किया। बैठक में संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी पद के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मंझिआंव प्रखंड के सहायक अध्यापक धीरज कुमार मिश्रा को चयनित किया गया । प्रदेश अध्यक्ष के साथ महासचिव जसीम अंसारी वा कोषाध्यक्ष शिवनाथ महतो ने संयुक्त रूप से इस आशय की घोषणा की। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी ने प्रदेश कमेटी के प्रति आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प जताया। इस दौरान रांची जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

#### शायर अदम गोंडमी जयंती समारोह का आयोजन

## 'उतरा है रामराज, विधायक निवास में'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रगतिशील लेखक संघ पलामू द्वारा मेदिनीनगर स्थित उर्दू लाइब्रेरी के सरदार अली जाफरी हाल में शायर अदम गोंडवी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। पलामू इप्टा द्वारा अदम गोंडवी की रचना काजू भुने प्लेट में व्हिस्की गिलास में, उतरा है रामराज विधायक निवास में की सामूहिक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद अदम गोंडवी के साहित्य पर इप्टा पलामू के अध्यक्ष वरिष्ठ कलाकार प्रेम भसीन, वरिष्ठ पत्रकार गोकुल वसंत व प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में व्याख्यान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य वक्ता डा. अहमद बद्र ने कहा कि अदम गोंडवी ने अपनी रचनाओं से नजीर अकबराबादी परंपरा को आगे बढ़ाया है। जिस प्रकार नजीर अकबराबादी ने खोमचे वाले के साथ आम आदमी के लिए शायरी की। उसी प्रकार अदम गोंडवी की रचनाएं भी आम आदमी से जुडी हैं। व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के अंत में शायरा रौनक अफरोज द्वारा लिखित पुस्तक जरा मौसम बदलने दो का विमोचन भी किया गया। आतिश रजा, उपेंद्र कुमार मिश्र, डा. इंतखाब असर, अरशद कमर, सुरेश सिंह, अच्छे लाल प्रजापति, नुदरत नवाज, अब्दुल बासित ने पुस्तक पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुजफ्फर बल्खी, अशरफ जमाल, अदनान काशिफ, नसीम भाई, हसनैन भाई, एमजे अजहर, इरशाद, पंकज लोचन, मनीष कुमार मन, रवि शंकर, अजीत, संजीव कुमार संजू, समरेश सिंह, भूपेश कुमार शर्मा, संजीत दुबे, शशि पांडे, घनश्याम कुमार, अमित कुमार भोला, अरविंद सिन्हा उपस्थित थे।



## गैस सिलेंडर से महिलाओं को मिलती है सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा पंचायत की मुखिया मीना देवी ने सोमवार को अपने आवास पर चयनित लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने पति सह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया के साथ दर्जनों लाभुकों को गैस सिलेंडर प्रदान किया। सिलेंडर पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। मुखिया ने कहा कि गैस सिलेंडर मिलने से महिलाओं के लिए रसोई घर की राह काफी आसान हो जाएगी। पहले चूल्हा पर लकड़ी से खाना बनाने में उत्पन्न धुआं से आंखें खराब होने की संभावना बनी रहती थी। अब उज्जवला कनेक्शन मिल जाने से यह समस्या दूर हो सकेगी। उन्होंने जन समस्याओं के निराकरण लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प जताया। वार्ड सदस्य सुकेश कुमार व सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि मुखिया के नेतृत्व में गांव में विकास दिखने लगा है। मौके पर वार्ड सदस्य सुनील कुमार चौरसिया, नंदकिशोर चौधरी, अजमेरी खातून, डा. रविंद्र कुमार, विष्णु देव महतो उपस्थित थे।



## संत मरियम स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के संत मरियम स्कूल में सोमवार से अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने परीक्षा का निरीक्षण कर अध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परीक्षा देने का अवसर अवश्य आता है। परीक्षा एक ऐसा अवसर है जब व्यक्ति की काबिलियत और मेहनत का पता चलता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को रिवीजन कर परीक्षा में भाग लेने की नसीहत दी।

#### बदहाली | लगातार सूखे की मार से बेहाल किसानों को है सरकारी राहत का इन्तेजार

# किसानों की गुहार, हमारी भी सुधि लीजिये सरकार

**नहीं मिली राहत तो पलायन को मजबूर होंगे पलामू के किसान**


**दर्जनाधिक किसानों ने कहा कि जल्द ही सरकार किसानों को राहत नहीं देती तो उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। लगातार दूसरे वर्ष सूखे की मार झेल रहे पलामू के करीब एक लाख किसान परिवारों को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राहत की आस लगी है। सोमवार को दर्जनाधिक किसानों ने कहा की जल्द ही सरकार किसानों को राहत नहीं देती तो उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। इस बाबत रामेश्वर सिंह, परशुराम महतो, ज्ञानी सिंह, हरसूख राम, सोहन तिवारी आदि किसानों ने कहा कि लगातार अनावृष्टि से खेती प्रभावित हुआ है इससे किसानों का हाल बेहाल हो गया है। किसानों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। कहा की जल्द ही सरकार किसानों के लिए राहत का प्रबंध नहीं करती तो उनके समक्ष पलायन ही एक मात्र रास्ता बचेगा। क्योंकि खरीफ के बाद अब रबी की भी आस टूटती नजर आ रही है। जिले के किसान पहले ही कर्ज के बोझ तले दबे आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। अब परिवार चलाने के लिए पलायन ही एकमात्र राह नजर आ रहा है। किसानों ने सीएम हेमंत सोरेन से किसानों की सुध लेने की गुहार लगाई है। यहां बता दें की पलामू में जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापत 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है। यानि 67 प्रतिशत खेत बारिश की आश में खाली रह गये हैं। धान की फसल तो जिले में महज 10प्रतिशत ही लगाई जा सकी है। सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो धान के करीब 44 हजार हेक्टेयर रकबा के खेत खाली रह गये हैं। कृषि विभाग के आकड़ों के अनुसार जिले में खरीफ मकई की खेती लक्ष्य के 62 प्रतिशत, दलहनी फसलें 41 प्रतिशत, तेलहनी फसल यथा तिल, मुगफली व सोयाबीन आदि 40 प्रतिशत एवं मोटे अनाज की खेती लक्ष्य का करीब 13 प्रतिशत ही हुई है। इसका मुख्य कारण मॉनसुनी बरसात का पर्याप्त नहीं होना रहा है। सरकारी आकड़ों के अनुसार चालू वर्ष के जून माह में जिले का वास्तविक औसत वर्षपात 37 प्रतिशत, जुलाई का 41प्रतिशत अगस्त माह का 48प्रतिशत रहा है। सितंबर माह में मौनसून के थोड़ा मेहरबान होने पर जिले में औसत वर्षा 206.6 मिमी के विरुद्ध वास्तविक औसत वर्षा 150.3 मिमी यानि 72.7 प्रतिशत हुई है। लगातार दूसरे वर्ष भी मॉनसुनी सीजन में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण जिले के बड़े व छोटे सभी जलस्त्रोत सूखे पड़े हैं। नतीजा ग्राउंड वाटर लेवल भी लगातार घटा है। जिसका प्रतिकूल असर खरीफ की खेती पर लगातार दूसरे वर्ष भी पड़ा है। जिसने किसानों की बची खुची पूंजी को भी स्वाहा कर पूरी तरह कमर तोड़ दी है।



### मिशन समृद्धि संस्था कर रहा निरंतर भोजन वितरण



**मेदिनीनगर।** जज्बा और जुनून हो तो कोई काम असंभव नहीं होता। यही कारण है कि मिशन समृद्धि संस्था का कोई भी कार्य संसाधन के अभाव में भी नहीं रुकता। निष्ठा और ईमानदारी जहां होती है वहां असंभव भी संभव हो जाता है। समृद्धि टीम का कार्य के प्रति समर्पण ही है जो इतने वर्षों से जरूरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य निरंतर जारी है। मेदिनीनगर अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल, दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी, खिचड़ी का वितरण लगातार किया जा रहा है। नियत समय पर निरंतर वितरण कार्यक्रम जारी रहने के कारण वे लोग भी इंतजार में रहते हैं। संस्था के अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शिल्पी गोस्वामी, वीणा गुप्ता, रंजीता, शैलेन्द्र सिंह आदि ने बताया कि अब शनि मंदिर के सामने भी वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया है।

## गागर में सागर

### लातेहार में आयुर्वेदिक फिजियोथेरेपी व जीरो थेरेपी क्लिनिक का उद्घाटन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित चंदनडीह ग्राम में द रिलैक्स आयुर्वेदिक फिजियोथेरेपी एवं चिरो थेरेपी क्लिनिक का उद्घाटन सोमवार को न्यू वर्तमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आफताब आलम, डब्लू खान, रुस्तम अंसारी मौजूद थे। सिन्हा ने कहा कि इस क्लिनिक का खुलना लातेहार जिले के लिए गौरव की बात है। वहीं डॉ. डीके शुक्ल ने कहा कि नासिर अंसारी ने हमें बताया कि लातेहार में आयुर्वेदिक फिजियोथेरेपी थेरेपी प्राइवेट क्लीनिक नहीं होने के कारण यहां के लोगों को दर्द से संबंधित परेशानी को लेकर काफी दिक्कतें हो रही हैं। इसके बाद मैंने इस बारे में सोचा। जिलावासियों को कहना चाहता हूं कि आप लोग बेफिक्र होकर हमारी क्लीनिक में आयें। आपके दर्द से संबधित बीमारी को जड़ से मिटाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

### राजद के पंचायत अध्यक्ष बने अंग्रेज खान

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल की बैठक सोमवार को चकला में संपन्न हुई जिसमे सर्वसम्मति से चकला पंचायत अध्यक्ष का चयन किया गया। बैठक में अंग्रेज खान को पंचायत अध्यक्ष चुना गया है। सचिव पद पर अनिल लोहरा, कोषाध्यक्ष के लिए झमेंद्र यादव का चयन किया गया। इन पदधारियों को एक माह के अंदर पंचायत कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड सचिव हारून रसीद, प्रखंड महासचिव तपवन यादव मौजूद थे। बैठक में रामचंद्र साव, महेश मुंडा, शमशेर खान, खलील मिंया, इंजमाम खान, सतलु अंसारी, राजा खान, दशरथ यादव, अक्षय यादव, शमशुल आलम, मो. जमशेद मौजूद थे।

### मंदिर मैदान में रामलीला की शुरुआत



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार पंचमुखी दुर्गा पूजा समिति की ओर से मंदिर मैदान में 10 दिवसीय रामलीला का उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, रेल महिला समिति के रेखा पाठक ने संयुक्त रूप से किया। विंध्याचल (उत्तर प्रदेश) की नाटक मंडली रामलीला का मंचन करेगी। मौके पर राजदीप रिक्की,कांग्रेस के नेता अजीत कुमार गुप्ता, आलोक कुमार सिंह, संजय यादव, अमन कुमार गुप्ता, उज्जवल चंद्र, सोनू पासवान आदि मौजूद थे।

### आरएसएस ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के कन्या विद्यालय परिसर में रविवार रात्रि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क ओर से शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संघ के जिला कार्यवाह सतेंद्र प्रसाद, सह कार्यवाह कमलेश कुमार सिंह, जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर आदि ने शिरकत की। अंत में प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, अमरेंद्र कुमार सिंह, अमृत राज सिंह, नवल प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद चाचू, विजय कुमार पप्पू, रविकांत रवि, मनोज जयसवाल, दीपेश कुमार, सोनू, प्रदीप मेहता, अखिलेश कुमार सिंह, रामनाथ प्रसाद, नंदलाल मेहता आदि मौजूद थे।

### दिवंगत जिप सदस्य की पुण्यतिथि मनाई

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरवाड़ी में सोमवार को पूर्व जिप सदस्य स्वर्गीय बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा उर्फ नेता जी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर जेएमएम के सिमरीया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा, पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, जिप सदस्य चंद्रदेव साहू, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुशवाहा, वधु संगीता कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन दांगी, राजूलाल वर्मा, प्रमुख अनिता यादव, मुखिया निर्मला देवी, देवनारायण दांगी, बालेश्वर प्रसाद यादव, केदार दांगी, कपिल कुमार, मनोज कुशवाहा, मनोज कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कुंदा पहुंची जिप अध्यक्ष ममता कुमारी

**कुंदा।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी सोमवार को प्रखंड पहुंची। जिप अध्यक्ष ने महादेव मठ के गुफा में विराजमान शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना की। कमेटी के पदाधिकारियों की महादेव मठ के विकास व सौंदर्यीकरण की मांग पर जिप अध्यक्ष ने कहा मठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मौके पर मुखिया मनोज साहू, उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, योगियारा मुखिया आशीष भारती, वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि संतोष राणा, महंत दीनदयालु महाराज, मोहन पाठक, लवकुश गुप्ता, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### नवादा के पूर्व मुखिया बिगन गंझू का निधन

**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र की सुदूरवर्ती नवादा पंचायत के पूर्व मुखिया बिगन गंझू का सोमवार को निधन हो गया। पूर्व मुखिया निसंतान व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय पारसाही घाट में कर दिया गया। पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, प्रमुख पति जयराम भारती, वर्तमान मुखिया भरत यादव, बौधाडीह के बिनोद साव, पूर्व जिप सदस्य पृथ्वी गंझू, दिलीप यादव, नवीन यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### साथियों के साथ कफन सत्याग्रह पर बैठे कामता पंसस अयुब खान

# टोरी आरओबी के निर्माण को लेकर माकपा नेताओं का अनोखा प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन के समपार आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर माकपा नेताओं ने सोमवार को अनोखा प्रदर्शन किया। कामता पंसस अयुब खान के नेतृत्व में नेताओं ने अनिश्चितकालीन कफन सत्याग्रह की शुरुआत की। कफन सत्याग्रह के माध्यम से रेलवे व एनएचएआई अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग कि गई कि टोरी जंक्शन पर तत्काल आरओबी व स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण शुरू किया जाय। साथ ही कार्य शुरू करने में दो वर्ष से अधिक समय का विलंब करने वाले अधिकारीयों पर सख्त कार्रवाई की जाये।



कफन में लिपटकर सत्याग्रह कर रहे पंसस अयुब खान ने कहा कि रेलवे क्रासिंग जाम और स्टेशन तक आवागमन की समस्या अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रही है। दो वर्ष पहले ही आरओबी की मंजूरी मिल चुकी है। इसका शिलान्यास भी बीते 3 अप्रैल 2021 को किया जा चुका है, लेकिन एनएचएआई जान बूझकर इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है। यह चतरा, लातेहार और पलामु प्रमंडल की सबसे बड़ी समस्या है। इसके बावजूद इसका निर्माण अबतक नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि यहां की खनिज संपदा से दूसरे प्रदेश में सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन टोरी स्टेशन में, यात्रियों को आने-जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। यह स्टेशन राजस्व के मामले में कई स्टेशनों मे अव्वल है। एनएच पर रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण लाखों लोग परेशान रहते हैं। क्रॉसिंग बंद रहने से वाहन चालकों को फाटक पर खड़े रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं जल्दबाजी में क्रॉसिंग पास होने के चलते हादसों की आशंका बनी रहती है। खान ने बताया कि टोरी व्यस्त रेलमार्ग है। यहां से तीन रूट रांची-लोहरदगा भाया टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैंकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके कारण फाटक हमेशा बंद रहता है। इस सड़क से प्रत्येक दिन हजारों छोटे बड़े वाहनों से लाखों लोग गुजरते हैं, जो फाटक जाम में फंसकर आधे से अधिक घंटे तक लंबी कतार में फंसे रहते हैं। फाटक जाम में हमेशा एंबुलेंस भी फंस जाती है। दर्जनों मरीजों की मौत फाटक पर फंसने की वजह से हो चुकी है। वहीं स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज की मंजूरी रेलवे विभाग ने एक वर्ष पहले ही दे दी है लेकिन रेलवे विभाग की उदासीन रवैये के कारण इसका भी निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं व राहगीरों को आने जाने में परेशानी हो रही है। स्टेशन तक आने जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण कई यात्रियों की ट्रेन से कटकर मौत हो चुकी है।

कफन सत्याग्रह में माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, द्वारिका ठाकुर, सोभन उरांव, हनुक लकड़ा, ललन राम, सनिका मुंडा, पैतू गझु, इदुल खान, संजय राम, बुटन गंझु, अशा देवी, मो इम्तियाज, पूर्व पंचायत समिति सदस्य फहमीदा बीबी, लहुल खान, सुलेद्र गंझू, गोपी गंझू , गुजरा गंझू, बुटन गंझू ,मुन्ना गंझू, राजु साव, सईद खान, सहजीवन भोगता, संजय गंझु, सुधन गंझु आदि शामिल हैं।

# सुरक्षा मानकों को पार कर आम्रपाली कोल परियोजना में घुसा कोल वाहन, जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल की बहुचर्चित आम्रपाली कोल परियोजना में सोमवार सुबह सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए कोल भंडारण क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हाईवा को सुरक्षाकर्मियों ने जब्त कर लिया। जब्त वाहन को आइआरबी कैंप में रखा गया है, जबकि मौके से वाहन चालक फरार बताया जा रहा है। उक्त कोल वाहन को अवैध इंट्री कराने में सीसीएल के एक वरीय अधिकारी की भूमिका बताई गई। हालांकि डिस्पैच अधिकारी सुधांशु शर्मा ने उक्त आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। बताया कि वाहन बगैर समुचित कागजातों के परियोजना क्षेत्र में जबरन प्रवेश कर रहा था जिसको जब्त कर रखा गया है। शीघ्र प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।



### आंदोलकारियों को प्रबंधन ने वार्ता के लिए किया आमंत्रित

टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में आठ सूत्री मांगों को लेकर जारी प्रभावितों की अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सीसीएल प्रबंधन ने संज्ञान में लिया है। इसपर विभागीय पत्र जारी कर मंगलवार शाम 4 बजे आंदोलकारी प्रतिनिधिमंडल को विचार विमर्श के लिए आम्रपाली चंद्रगुप्त महाप्रबंधक कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। हैंड लोडिंग, अधिगृहीत भूखंडों का त्वरित सत्यापन, 75 प्रतिशत विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजन, स्थानीय कोल वाहनों के परिचालन में प्राथमिकता, भारी प्रदूषण पर नियंत्रण समेत कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पिछले चार दिनों से की जा रही है। वहीं उपरोक्त मुद्दे पर राजनीतिक पार्टी झामुमो ने दृढ़ता से अपना नैतिक समर्थन दिया है। धरना स्थल पर बैठे जागेश्वर दास ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में बाहरियों का बोलबाला होने से स्थानीयों का शोषण चरम पर है।

# कार्यशाला में राज्य फसल राहत योजना के प्रचार प्रसार दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

कौशल विकास सह प्रशिक्षण केंद्र (डीएमएफटी चतरा) में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वधान में झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त अबु इमरान इसका शुभारंभ किया। उक्त कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, समन्वयक प्रज्ञा केंद्र, झारखंड राज्य सहकारी बैंक प्रबंधक, अंचल अधिकारी, सहायक निबंधक, सहयोग समितियां चतरा, विभिन्न पैक्सो के अध्यक्ष, जेएसएलपीएस जिला प्रबंधक, जेएसएलपीएस की सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



कार्यशाला में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं उसके विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित अंचल अधिकारियों को प्राप्त आवेदन के सत्यापन कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे आवेदकों का आवेदन का सत्यापन जल्द से जल्द हो सकें। जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट द्वारा ज्यादा से आवेदन प्राप्त हो इसके लिए प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी के द्वारा झारखंड फसल राहत योजना की विभिन्न समस्याओं से निपटने व अभियान को सफल बनाने के दिशा में कई महत्वपूर्ण बाते कही गई। साथ ही उन्होंने कहा कि फसल खराब होने पर अब घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि किसान भाई बहनों के पास झारखंड राज्य फसल राहत योजना का साथ है। इसमें जिन किसान का खरीफ धान और मकई फसल खराब हुआ है वो 30 नवंबर 2023 तक साईट पर स्वयं द्वारा अथवा अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में लाभ लेने हेतु संपर्क करके आवेदन कर सकते हैं।

### राज्य फसल राहत योजना के तहत कार्यशाला आयोजित

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि झारखंड के किसानों को प्राकृतिक आपदा से हुए फसल नुकसान की भारपाई के लिए झारखंड फसल राहत योजना चलायी जा रही है। झारखंड राज्य फसल राहत योजना फसल क्षति होने पर किसानों को प्रदान की जानेवाली एक क्षतिपूर्ति योजना है। यह किसानों को प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति के मामले में सुरक्षा कवच प्रदान करने तथा एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करने के संकल्प को पूरा करेगा। यह योजना भू:स्वामी तथा भूमिहीन किसान, दोनों को आच्छादित करेगा।

# दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर में एक स्कूली छात्र घायल, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर शहर के बीचोंबीच स्थित स्टेट बैंक के समीप दो बाइकों जोरदार टक्कर में चकला बाजारटांड़ निवासी स्कूली छात्र मो. हम्जा, पिता मुस्लिम मियां गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने मरीज को रिम्स भेजने में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो. हम्जा चकला से प्लस टू उच्च विद्यालय बाइक से चंदवा आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद पुलिस बाइक को अपने कब्जे में कर कार्रवाई में जुट गई है।



### संघरी घाटी में पलटा टैंकर, चालक की मौत

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के चतरा-गया मुख्य मार्ग एनएच 22 स्थित संघरी घाटी में अनियंत्रित टैंकर के पलटने से चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो बीते रात हो गई। घटना टैंकर का ब्रेक फेल होने से घटी। बताया जाता है चतरा से गया कि ओर टैंकर जा रहा था। इस बीच संघरी घाटी में टैंकर के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और टैंकर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। टैंकर से तेल का रिसाव होने के कारण पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर आसपास के लोगों के सहयोग से इकट्ठा करने में लगी थी।

# सीसीएल मगध परियोजना में शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के मगध परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सोमवार को शपथ समारोह के साथ प्रारंभ हुआ। शपथ मगध परियोजना के खान प्रबंधक मो. अकरम ने दिलायी। विचारोत्तेजक नारे वाले बैनर और पोस्टर परियोजना के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन के संबंध में संदेश को क्रमशः खान प्रबंधक, सभी अधिकारियों, हितधारकों, यूनियन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों द्वारा पढ़ा गया। खान प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कर्मचारियों का दायित्व है, कि वे अपना कार्य ईमानदारी, जवाबदेही एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले सभी कर्मचारियों के योगदान से कंपनी आगे बढ़ती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से बिना डरे काम करने और कंपनी के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। मगध परियोजना के खान प्रबंधक ने कर्मचारियों के साथ-साथ सभी ठेकेदारों, ग्राहकों, नागरिकों आदि को भी ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, हितधारक, यूनियन प्रतिनिधि आदि मौजूद थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शों के अनुपालन में परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है।




### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गई बैठक

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 27 अक्टूबर को कर दिया गया है। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु 27 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि तय है। दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु 26 दिसंबर की अंतिम तिथि तय है।

# कोल परियोजना क्षेत्र में कर्मियों को सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में प्रबंधन की ओर से सोमवार को आमलोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरुक करने के लिए सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर जीएम अमरेश सिंह ने रवाना किया। इससे पूर्व उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू के छात्राओं ने जागरूकता गान गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं जीएम ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।




साथ ही विकास में भ्रष्टाचार को सबसे बड़ा बाधक बताते हुवे कर्मियों समेत आमलोगों को मुखरता के साथ प्रतिकार करने का आग्रह किया। साथ हीं 4 नवंबर को आम्रपाली डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर के आयोजन करने की जानकारी देते हुए अधिकाधिक रक्तदाताओं को भाग लेने की अपील की गई। दूसरी ओर फिट इंडिया स्वच्छता रन 4.0 में शामिल जीएम ने सड़कों पर दौड़ लगाते हुवे लोगों को फिट रहने की सलाह दी। जिसपर चुटकी लेते हुवे ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन के कथनी व करनी में बड़ा फर्क है। परियोजना क्षेत्र में भारी धूल व धूंआ से लोगों की सांसें उखड़ रही है, प्रदूषित हवा को सीसीएल पहले शुद्ध करे। मौके पर अशोक कुमार, राजेश चौधरी, दिवाकर साहु, किशुन राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## खेलकूद

### स्कूल क्रिकेट लीग का हुआ उद्घाटन, प्रतिदिन खेला जाएगा एक मैच

# एलसीए ने एसवीएम को 284 रन से रौंद डाला

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूल क्रिकेट लीग 2023-24 का उद्घाटन सोमवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन मैच लातेहार क्रिकेट एकादमी (एलसीए) तथा सरस्वती विद्या मंदिर (एसवीएम) के बीच खेला गया, जिसमें एलसीए ने एसवीएम को 284 रनों के बड़े अंतर से हराया। इससे पहले एलसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 317 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमे मो. साहिल ने नाबाद 102, मयान शर्मा ने 46, प्रीत रंजन ने नाबाद 42 तथा दीपू कुमार ने 35 रनों का योगदान दिया। एसवीएम की ओर से शुभम तथा सूरज ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसवीएम ने 7.3 ओवर में ही 33 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई। एसवीएम की ओर से सूरज कुमार ने 16 रन का योगदान दिया। एलसीए की ओर से अभिषेक ने 3 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट, अमित कुमार ने 2, जबकि प्रीत तथा रविशंकर ने एक-एक विकेट चटकाया। अंपायर श्रवण महली तथा बलराम थे, जबकि स्कोरिंग धीरेंद्र सुरवार ने की। वहीं मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एलसीए के मो. साहिल को राजद नेता मनोज कुमार यादव द्वारा दिया गया।



इससे पहले लीग का उद्घाटन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, सदस्य नीरज कुमार सिंह तथा अश्विनी सिंह ने किया। मौके पर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। छुपी हुई प्रतिभा को निकालने तथा निखारने के लिए स्कूल लीग का आयोजन कई वर्षो से किया जा रहा है। लीग में आठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रतिदिन एक मैच का आयोजन किया जाएगा।

### मनरेगा लोकपाल ने किया योजना का निरीक्षण

**मयूरहंड।** प्रखंड अंतर्गत सोकी पंचायत सचिवालय पहुंची मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने पंचायत सचिव एवं लाभुकों के साथ बैठक किया। इस दौरान मनरेगा कार्य क्रियान्वयन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मनरेगा कर्मियों के हडताल पर चले जाने के कारण अभिलेखों का संधारण नहीं हो पाया। सोकी पंचायत में संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। बालेश्वर मेहता के खेत में बिरसा आम बागवानी का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। गुरुवाडी में कुप, टीसीबी, मेढबंदी आदि योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार लाने एवं योजना स्थल पर बोर्ड लगवाने, मनरेगा एक्ट के तहत कार्य करवाने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया।

# बालूमाथ की नई सीओ तृप्ति ने किया पदभार ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ के नए अंचला अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने नए सीओ को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर कुजूर ने महागठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा कायम रखने के लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सरकारी मुलाजिम होने के नाते सरकार की हर एक योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम करूंगी। मौके पर बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, शंकर चौरसिया, हरिहर यादव, उमेश यादव, विवेक यादव, दशरथ यादव, निरंजन यादव, राजन



यादव, पिंटू यादव, तुलसी राम, बाबूलाल गांझू, राम कुमार यादव, बाबूलाल राम, पंकज सिन्हा, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष मो. एजाज अहमद, मो. अजहर, मो. जसीम, मो. मनान कुरैशी, मो. अजमल, मो. मुजाहिद, मो. जुनैद, मो. अल्ताफ अंसारी, नरेश उरांव, सीतल साव, बिंदेश्वर उरांव, सरयू उरांव, अशोक भुइयां, दिलीप यादव, चांदिल यादव, राजद महिला मोर्चा की युवा अध्यक्ष सोभा देवी, कांति उरांव, पूनम देवी, रेणु देवी आदि उपस्थित थे।

